तापमान
अधिकतम 32.9 डिग्री
न्यूनतम 14.4 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार 25 मार्च 2026




11 जल्द होगा हैप्पी कार्ड का वितरण


12 माता मंदिर में की छठ की कढ़ाई, गूंजे जयकारे


## खबर संक्षेप

### मुरथल विवि के 7 शोधार्थी पीएचडी के पात्र घोषित

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयमुरथल के कुलगुरु प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने परीक्षकों के बोर्ड तथा संबंधित शोध समिति की अनुशंसा पर विश्वविद्यालय के 7 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। बायोटेक्नोलॉजी विभाग से ऐश्वर्या सोनी, फिजिक्स विभाग से आर्यन बूरा, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग से मीनू रानी, मैथमेटिक्स से आरती, ह्यूमैनिटीज से लिसा व मैनेजमेंट स्टडी से कीर्ति लोहचब व अंजलि को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया गया है।

### रायपुर में बंद घर से नकदी व आभूषण चोरी

**सोनीपत।** गांव रायपुर में बंद घर को निशाना बनाकर चोर दो लाख रुपये की नकदी व सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। पीड़ित परिवार एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। गांव रायपुर निवासी मोहित ने सेक्टर-27 थाना पुलिस को बताया कि वह 22 मार्च की रात करीब 8 बजे अपने परिवार के साथ अपने ताऊ के घर बच्चा पैदा होने पर आयोजित समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। घर से निकलते समय सभी दरवाजों पर ताला लगाकर गए थे। रात साढ़े दस बजे जब पूरा परिवार वापस लौटा तो चोरी का पता चला।

### फैक्ट्री में घुसकर मारपीट व धमकी देने का आरोप

**गन्नौर।** एचएसआइआइडीसी बड़ी फेज-3 स्थित एक फैक्ट्री में घुसकर मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में प्रदीप कुमार गोयल ने थाना बड़ी में शिकायत दी। शिकायत में बताया कि उनकी सेनेट बायो फार्मा कंपनी में 3 मार्च को वह अपने बेटे यश और विनीत गुप्ता के साथ बैठक कर रहे थे। इसी दौरान कंपनी का कर्मचारी अशोक शराब के नशे में अपने साथी अंकित के साथ जबरन वहां घुस आया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि दोनों ने यश और विनीत के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। आरोपितों द्वारा बाद में समझौते का दबाव भी बनाया गया, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। पुलिस ने अशोक व अंकित के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर ईंट व पत्थरों से हमला, केस

**गन्नौर।** गांव लल्हेड़ी कलां निवासी एक व्यक्ति ने अपने ही परिवार पर घर में घुसकर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में लल्हेड़ी कलां निवासी विरेंद्र ने बताया कि 10 मार्च को वह दूध लेकर घर लौट रहा था। रास्ते में उसके बड़े भाई नरेंद्र और भाभी नीरज ने उसे रोककर धमकाया। इसके बाद वह घर की चला गया, लेकिन दोनों उसका पीछा करते हुए घर में घुस आए और उस पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया।

### केएमपी पर ट्रक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**खरखौदा।** केएमपी एक्सप्रेसवे परसड़क हादसे में 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान कैलाश निवासी गांव गोटका, जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक अपने परिवार के साथ किराये की गाड़ी में गुरुग्राम स्थित शीतला माता मंदिर से दर्शन कर वापस अपने घर लौट रहे थे। सुबह करीब साढ़े चार बजे जब उनकी गाड़ी गांव तुर्कपुर के पास पहुंची, तो कैलाश शौच के लिए गाड़ी से उतरकर कुछ दूरी पर गए। इसी दौरान गुरुग्राम की तरफ से आ रहे एक ट्रक चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए कैलाश को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**असावरपुर में सरकारी भूमि पर बना लिया घर**

# मकान तोड़ने पहुंची टीम, 250 फीट ऊंचे टॉवर पर चढ़ा मालिक

■ निर्माण तोड़ने पर टॉवर से कूदने की धमकी देता रहा युवक ■ समझाने के बाद भी नीचे नहीं उतरा, एचएसवीपी के कर्मचारी बैरंग लौटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग-44 के पास गांव असावरपुर में अचानक एक युवक के मोबाइल टावर पर चढ़ने से अफरा-तफरी मच गई। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की टीम जब गांव में अवैध कब्जे हटाने के लिए पहुंची, तो विरोध करते हुए एक युवक 250 फीट ऊंचे मोबाइल के टावर पर जा चढ़ा। युवक की पहचान सुनील के रूप में हुई है। उसने अपने घर को तोड़ने से बचाने के लिए यह खतरनाक कदम उठाया। कार्रवाई के डर से युवक घंटों तक नीचे कूदने की धमकी देता रहा। इस बीच प्रशासनिक कार्रवाई अचानक हाईवोल्टेज ड्रामे के चलते अचानक बीच में रुक गई। युवक को काफी समझाने के बाद अधिकारी वापस लौट गए, लेकिन वापस नहीं उतरा। समाचार लिखे जाने तक युवक टॉवर नहीं उतरा था।



### हाईवोल्टेज ड्रामे से अधिकारियों में हड़कंप

एचएसवीपी की की टीम मंगलवार को बुलडोजर लेकर गांव असावरपुर में सरकारी जमीन पर बने अवैध मकान को गिराने के पहुंची। युवक को जैसे ही गांव में अधिकारियों के आने की जानकारी मिली, तो वह पास में ही लगे मोबाइल टावर पर जा चढ़ा। इसके बाद ऊपर से ही जोर-जोर से चिल्लाकर कार्रवाई करने आए अधिकारियों का विरोध जताने लगा। युवक की ओर से उठाए गए इस कदम से मौके पर पहुंचे अधिकारियों व पुलिस कर्मियों के बीच हड़कंप मच गया।

### माहौल तनावपूर्ण, प्रशासन को अतिरिक्त पुलिस बुलानी पड़ी

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तुरंत बुलडोजर की कार्रवाई रोक दी गई। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। काफी देर तक अधिकारी युवक को मनाकर सुरक्षित नीचे आने के लिए समझाते रहे। उधर युवक के टावर पर चढ़ने की जानकारी फैलते ही आसपास के लोग भी मौके पर एकत्रित होने लगे। मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित होने लगी। इससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बल बुलाया और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ युवक को सुरक्षित नीचे उतारने की कोशिश करता रहा, लेकिन उसने किसी की एक न सुनी। घटना को लेकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

**'पीएमश्री' में निजी स्कूलों की तर्ज पर सुविधाएं, 2.91 करोड़ का रिवाइज बजट तैयार**

# साइंस लैब होगी हाईटेक, हर्बल गार्डन बनेंगे विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें मिलेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिला शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 में जिले में संचालित 11 पीएमश्री राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को निजी स्कूलों की तर्ज पर सुविधाएं मुहैया कराने का निर्णय लिया है। मुख्यालय के निर्देश पर विभाग ने इन विद्यालयों में कराई जाने वाली विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए रिवाइज बजट तैयार किया है। बजट की राशि को 2 करोड़, 91 लाख, 45 हजार रुपये बढ़ाया गया है। समग्र शिक्षा के तहत विद्यालयों में विभिन्न सुविधाओं पर सालभर में अब 22 करोड़, 28 लाख, 22 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी। विभाग ने बजट के लिए मुख्यालय से पत्राचार कर निर्धारित बजट राशि को मंजूरी देने की मांग की है, ताकि विद्यालयों में जल्द निर्धारित कार्यों की शुरुआत की जा सके। विभाग की ओर से जिले में कुल 11 पीएमश्री राजकीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा विभाग ने जिला के इन राजकीय विद्यालयों की सूरत बदलने व कायाकल्प करवाने का निर्णय लिया है, ताकि विद्यालयों में विद्यार्थियों को निजी स्कूलों की तर्ज पर स्वच्छ वातावरण के साथ तमाम सुविधाएं मुहैया करवाया जा सके। साथ ही नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों को शिष्टाचार व नैतिकता का संदेश दिया जा सके। पीएमश्री विद्यालयों में की जाने वाली व्यवस्थाओं में डिमांड अनुसार लैब, कमरों के निर्माण, हर्बल गार्डन, शौचालयों की मरम्मत, लाइटिंग, विद्यार्थियों का वर्दी बजट, चाहरदीवारी, लैब में सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर सामान, निःशुल्क पाठ्य सामग्री, पुस्तकालय, स्पोर्ट्स सामान संबंधी कार्यों के खर्च शामिल हैं। इससे जहां विद्यालयों में विद्यार्थियों को मुहैया करवाई जाने सुविधाओं का विस्तार होगा, वहीं शिक्षा स्तर में भी सुधार लाया जा सकेगा।



■ जिले में 11 पीएमश्री राजकीय विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र

### बजट मिलते ही काम शुरू होगा

जिले में संचालित सभी 11 राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए बजट तैयार कर मुख्यालय भेजा गया है। विभिन्न योजनाओं पर अलग-अलग राशि के लिए बजट बनाया गया है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से बजट को मंजूरी मिलने के बाद सभी विद्यालयों में अधूरी व्यवस्थाओं को पूरा करवाया जाएगा। विद्यालयों में सभी सुविधाएं मुहैया होने से शिक्षा स्तर में भी सुधार होगा।
**-नवीन गुलिया**, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

### इन सुविधाओं की डिमांड

जिला परियोजना संयोजक कृष्णा खत्री ने बताया कि बजट के अनुसार जिले के 6 पीएमश्री विद्यालयों में 74.46 लाख रुपये की लागत से कॉमन छात्राओं के कमरे तैयार करवाए जाएंगे। एक विद्यालय में 10.80 लाख से कंप्यूटर कक्ष, दो विद्यालयों में 24.82 लाख रुपये से फिजिक्स लैब, एक विद्यालय में 13.87 लाख से कैमिस्ट्री लैब, एक विद्यालय में 12.41 लाख रुपये से बॉयोलोजी लैब का निर्माण करवाया जाएगा। इसके अलावा 15 में 1.62 करोड़ रुपये से एडिशनल क्लास रूम का निर्माण होगा। सभी विद्यालयों में 61.44 लाख से छात्रों के लिए 24 और 61 लाख रुपये से छात्राओं के लिए 20 शौचालयों का निर्माण करवाया जाएगा। एक विद्यालय में डेढ़ लाख रुपसे से आर्ट एंड क्राफ्ट रूम भी तैयार होगा। साथ ही सभी 11 पीएमश्री विद्यालयों में 16.50-16.50 लाख रुपये की लागत से बायोलॉजी, कैमिस्ट्री, फिजिक्स व साइंस लैब में संसाधानों की व्यवस्थाएं होंगी। इन सभी कार्यों पर 5 करोड़ 22 लाख 70 हजार रुपये की राशि खर्च होगी।

### ऐसे खर्च होगी राशि

- विद्यालयों में 406 शिक्षकों के लिए बुक व पाठ्य सामग्री वितरण, एनुअल टेस्ट, रिपोर्ट कार्ड, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान पर 2.47 करोड़ रुपये
- पर्यावरण संरक्षण के लिए एलईडी लाइटिंग, सब्जी व औषधीय गार्डन, स्वच्छता पखवाड़ा, कलरफुल डस्टबीन पर 12.32 लाख रुपये खर्च होंगे
- इंडक्शन ट्रेनिंग, स्किल कॉम्पेटेशन, विभिन्न कोर्स, रॉ मेटिरियल, अध्यापकों व विद्यालयों के विभिन्न प्रशिक्षण के लिए 2.14 करोड़ रुपये
- डिजिटल सॉफ्टवेयर, हाईवेयर व कंप्यूटर संबंधी सामान के लिए 13.20 लाख व 33.20 लाख रुपये के दो अलग-अलग बजट तैयार किया
- प्रशासन से परिचय, विद्यार्थियों के अन्य स्कूलों के भ्रमण, डिजिटल लाइब्रेरी, अटल लैब, रोबोटिक लैब ट्रेनिंग, सोलर पैनल, लाइटिंग, स्टाफ कक्ष, ओपन जिम, ओलंपियाड, स्वच्छ भारत जैसी विभिन्न योजनाओं के लिए 1.64 करोड़ रुपये
- लाइफ स्किल ट्रेनिंग जैसे सेल्फ डिफेंस, उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित कार्यक्रमों पर 90 लाख, प्रोग्राम मैनेजमेंट पर 2.1 करोड़ रुपये।
- सभी पीएमश्री विद्यालयों में एक साल के लिए विद्यार्थियों की संख्या अनुसार एनुअल स्कूल ग्रांट के लिए 12.25 लाख रुपये
- छात्र-छात्राओं की निः शुल्क वर्दी वितरण के लिए 16.32 लाख व पाठ्य सामग्री वितरण के लिए 16.11 लाख रुपये
- विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए तय प्रावधानों के अनुरूप 12 लाख रुपये
- खेल संबंधी संसाधनों व शारीरिक शिक्षा के लिए 15.50 लाख
- सभी विद्यालयों में पुस्तकालयों के लिए ग्रांट 4.40 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे

## महिला से लूटपाट करने के दोषियों को सात-सात साल की सजा व जुर्माना

**सोनीपत।** कुंडली क्षेत्र में महिला से चाकू के बल पर लूटपाट के मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. जसबीर सिंह ने सुनवाई करते हुए दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। मामले में दोनों दोषियों को 7-7 वर्ष के कारावास की सजा देने के साथ 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।अदालत में दायर चार्जशीट के अनुसार दिल्ली के नरेला में प्राथमिक स्कूल के पास रहने वाली दीक्षा ने 14 मार्च, 2020 को कुंडली थाना पुलिस को बताया था कि वह कुंडली औद्योगिक क्षेत्र की कंपनी वर्ल्ड फा में काम करती हैं। वह देर शाम कंपनी से छुट्टी के बाद पैदल ही कुंडली की तरफ जा रही थीं। जब वह केएफसी के पास से जा रही थीं बाइक सवार तीन युवक आए थे। उनके से दो युवक उनके पास आए थे और चाकू दिखाकर उनका पर्स व सोने की चेन लूट ली थी। मोबाइल के साथ पर्स में 12 हजार रुपये थे। बाद में वह भाग गए थे। पुलिस ने मामले में दिल्ली के गांव टिकरी खुर्द निवासी प्रकाश उर्फ हेमंत व कुनाल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनसे पूछताछ के बाद एक नाबालिग को अभिरक्षा में लेकर उससे मोबाइल बरामद किया। नाबालिग ने मोबाइल चार हजार रुपये में खरीदा था। उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया। मामले में तीसरे आरोपी राकेश पर मई, 2024 में पांच हजार का इनाम घोषित किया गया। बाद में उसे सोनीपत सेक्टर-3 क्राइम यूनिट ने अक्तूबर, 2024 में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने मामले में कुनाल व प्रकाश की चार्जशीट पहले ही दायर कर दी थी। जिस पर अदालत में सुनवाई की गई। एएसजे डॉ. जसबीर ने दोनों को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोनों सात-सात कैद व 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।



## अवशेष जलाने पर प्रतिबंध लगा

**सोनीपत।** जिलाधीश नेहा सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए जिला सोनीपत में गेहूं की फसल की कटाई के बाद खेतों में फसल अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश जिला में 24 मार्च 2026 से 23 मई 2026 तक प्रभावी रहेगा। जिलाधीश ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से वातावरण में धुआं (स्मॉग) फैलता है, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है और आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा भी फसल अवशेष जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिसके तहत उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। जिलाधीश ने स्पष्ट किया कि इन आदेशों की अवहेलना करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 संपठित वायु बचाव एवं प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम 1981 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## हिसार कृषि मेले के लिए किसानों का दल रवाना

**सोनीपत।** हिसार में आयोजित राज्य स्तरीय कृषि मेले में म्हारे जिले के 40 किसान खरीफ फसलों की उन्नत तकनीकों व आधुनिक खेती के गुर सीखेंगे। सोनीपत से मंगलवार सुबह 40 किसानों का दल स्पेशल बस से कृषि मेले के लिए रवाना हुआ। कृषि विभाग की ओर से मेले के लिए सोनीपत उपमंडल के 40 किसानों का चयन किया गया था। इन किसानों को खेती की उन्नत तकनीकों को सिखाने के लिए हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शुरू हुए मेले में भेजा गया।

## पांची जाटान में कोरम पूरा न होने से सरपंच का चार्ज देने पर फैसला टला

**गन्नौर।** गांव पांची जाटान में निलंबित सरपंच अशोक के स्थान पर नए कार्यभार को लेकर मंगलवार को बीडीपीओ कार्यालय में आयोजित बैठक में कोई निर्णय नहीं हो सका। बैठक में 18 में से केवल 7 पंच ही पहुंचे, जिससे कोरम पूरा नहीं हो पाया और बैठक स्थगित करनी पड़ी। बैठक में बहुमत के आधार पर किसी एक पंच को सरपंच का चार्ज सौंपा जाना था। लेकिन पर्याप्त संख्या में पंचों की अनुपस्थिति के कारण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। गौरतलब है कि सरपंच अशोक को 13 मार्च को विकास कार्यों में अनियमितताओं और पंचायत रिकार्ड उपलब्ध न कराने के आरोपों के चलते उपायुक्त सुशील सरवान द्वारा निलंबित किया गया था। जांच में पंचायत फंड के दुरुपयोग सहित अन्य गड़बड़ियों के आरोप सामने आए थे। अब पंचायत के सुचारू संचालन के लिए अगली बैठक जल्द आयोजित की जाएगी।

## नकदी चुराने के बाद गोदाम में पेट्रोल छिड़ककर आग लगाई



सोनीपत। गोदाम का निरीक्षण करते निवर्तमान मेयर राजीव जैन।

**सोनीपत।** पुरखास अड्डा स्थित बालाजी डेरी एवं कैटरर्स की दुकान में सोमवार रात चोरों ने घुसकर नकदी चुराने के बाद पेट्रोल डालकर गोदाम में आग लगा दी जिससे लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। सूचना मिलने पर नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन मौके पर पहुंचे और पीड़ित मोहित से घटना की जानकारी ली। मोहित ने मामले में साजिश का शव जताया है।

### बिजली के तार काटे

मोहित ने बताया कि लगभग रात साढ़े बारह बजे के बाद चोर दुकान में घुसे और सबसे पहले बिजली की तार काट दी ताकि सीसीटीवी कैमरे बंद हो जाएं और फिर ऑफिस का ताला तोड़कर अलमारी में रखी नगद राशि चुरा ली। चोर इसके बाद गोदाम में घुसे और पेट्रोल डालकर आग लगा दी जिससे गोदाम में रखा किरयाने का सारा सामान जलकर राख हो गया। गैस सिलेंडरों में आग न लगने से बड़ा हादसा अल गया। राजीव जैन ने पीड़ित को सांत्वना देते हुए पुलिस अधिकारियों को फोन पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

**भू-मालिकों का आरोप सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद अधिग्रहण प्रक्रिया आगे बढ़ाई**

# सेक्टर 7-8 में भूमि अधिग्रहण पर मालिकों की आपत्ति, 15 दिन का समय देने की मांग

**गन्नौर।** अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी के सामने प्रस्तावित सेक्टर-7 व 8 के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई को लेकर मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में भूमि अर्जन कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने भू-मालिकों के साथ बैठक कर उनके दावे और आपत्तियां सुनीं। बड़ी संख्या में पहुंचे जमीन मालिकों ने अधिग्रहण प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए विस्तृत आपत्तियां दर्ज कराईं और उन्हें नियमानुसार पूरा समय देने की मांग की। भू-मालिकों ने बताया कि 31 दिसंबर 2013 को सेक्टर-7 व 8 के लिए भूमि अधिग्रहण किया गया था, जबकि 6 जनवरी 2014 को इसका नोटिस समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ, जिसकी प्रति उन्हें प्राप्त नहीं हुई। इसके विरोध में 13 मार्च 2014 को हाई कोर्ट में अपील की गई, जिस पर 5 सितंबर 2017 को अदालत ने अधिग्रहण की धारा-4 को खारिज कर दिया। जिसके बाद सेक्टर को रद्द मान लिया गया और 11 नवंबर 2017 को रोजनामचा में भी इसे समाप्त दर्ज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि 27 अगस्त 2018 को सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट गई, लेकिन वहां से कोई स्टे नहीं मिला। बाद में 21 फरवरी 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने मामला पुनः हाई कोर्ट को भेजते हुए छह माह में मेरिट के आधार पर निर्णय देने के निर्देश दिए। इसके बाद 27 मार्च 2025 को हाई कोर्ट ने अपने पूर्व फैसले को पलटते हुए 2013 की धारा-4 को ही बरकरार रखा, जिस पर भू-मालिकों ने आपत्ति जताई। भू-मालिकों का कहना है कि 15 मई 2025 को नोटिस जारी हुए और 22 मई को लड़सौली रेस्ट हाउस में सभी ने लिखित में अधिग्रहण का विरोध दर्ज कराया। बावजूद इसके 29 दिसंबर 2025 को सेक्शन-6 की कार्रवाई आगे बढ़ा दी गई। इसके खिलाफ रमेश चंद व अन्य ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष याचिका दायर की, जिस पर अदालत ने 27 मार्च 2025 के हाई कोर्ट के फैसले पर स्टे देते हुए यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। भू-मालिकों ने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद 13 मार्च 2026 को अधिग्रहण की प्रक्रिया को और आगे बढ़ाते हुए सेक्शन-9 लगा दिया।



गन्नौर। भू-मालिकों के दावे अपत्तियां सुनते भूमि अर्जन कलेक्टर।

### नोटिस की प्रतियां देने की मांग

उन्होंने मांग रखी कि सभी भू-मालिकों को नोटिस की प्रतियां उपलब्ध करवाई जाएं और आपत्तियां दर्ज कराने के लिए कम से कम 15 दिन का समय दिया जाए, ताकि वे अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर सकें। इस पर भूमि अर्जन कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने भू-मालिकों को उनकी मांगों पर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### बोहला की तन्नु बनीं ब्लॉक की सर्वोत्तम माता

**सोनीपत।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, सोनीपत ग्रामीण-1 के कार्यालय प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय सर्वोत्तम माता पुरस्कार प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सर्कल स्तर पर चयनित विजेता माताओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में गांव बोहला की तन्नु ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और उन्हें 4000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। लुहारी टिब्बा की मोनिका ने द्वितीय स्थान 3000 रुपये तथा गांव मोहाना की नेहा ने तृतीय स्थान 2000 रुपये हासिल किया। सीडीपीओ गीता रानी एवं सुपरवाइजर्स द्वारा प्रतिभागियों को पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा आपकी बेटी हमारी बेटी योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित माताओं को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत शपथ भी दिलाई गई।



# लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है : राकेश बेदी

**मुंबई।** राकेश बेदी इन दिनों फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। राकेश और उनकी सह-कलाकार सारा अर्जुन का एक वीडियो फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वह सारा के कंधे पर किस करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो पर अब राकेश ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने कहा, 'लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है। कुछ लोग तो बस कहते रहते हैं। शुक्र है, कई लोगों ने मेरा बचाव भी किया। 71 साल के मशहूर अभिनेता राकेश बेदी इन दिनों अपनी फिल्म 'धुरंधर 2' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। फिल्म ने अब तक 500 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। पिछले साल नवंबर में 'धुरंधर'के ट्रेलर लॉन्च के समय एक वीडियो वायरल हुआ था।

लाइफ Style

# अनीत

## रैंप वॉक और नए फैशन ने पिटवा दी भद

'सैयारा' फिल्म में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाली अनीत पड्डा की रैंप वॉक पर लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। उनकी एक्टिंग की तो खूब तारीफ हुई, लेकिन रैंप वॉक और नए फैशन ने भद पिटवा दी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सैयारा' फिल्म से हर दिल पर छाने वाली एक्ट्रेस अनीत पड्डा भले ही कितनी भी टैलेंटेड क्यों न हों, लेकिन एक्टिंग के अलावा जब बात रैंप वॉक की आती है तो उनकी भद पिट जाती है। 'पेरो' के लिए शो का समापन करने वाली अनीत पड्डा अपनी रैंप वॉक के वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद ऑनलाइन चर्चा का केंद्र बन गईं। हालांकि, यह युवा एक्ट्रेस के लिए फैशन जगत में एक बड़ा पल था, लेकिन ऑनलाइन उन्हें लेकर अलग ही बातें हो रही हैं। उनके रैंप वॉक को लेकर फिर से लोग काफी कुछ कह रहे हैं। कुछ ही घंटों में, शोस्टॉपर वॉक ट्रेंडिंग टॉपिक बन गई, खासकर रेडिट और इंस्टाग्राम पर। अनीत पड्डा ने लैक्मे की 'जेन जी' एंबेसडर के रूप में एक नीले और सफेद रंग के ड्रेस में रैंप वॉक किया, जो पेरो की सिग्नेचर स्टाइल को दिखाता है। इस लुक में टेक्सचर्ड एप्लिक वर्क वाली ड्रेस के ऊपर एक क्रॉप जैकेट पहनी गई थी, जो सॉफ्ट स्ट्रक्चर, बारीक डिटेलिंग से तैयार की गई थी। यह आउटफिट ग्लैमरस ड्रामा के बजाय युवा और थोड़ा चंचल अंदाज में था, जो लेबल की डिजाइन शैली से मैच कर रहा था। हालांकि, कई लोगों को यह स्टाइल उतना पसंद नहीं आया जितना सोचा गया था।



हॉलीवुड मसाला



# रायन घोस्ट वॉर का टीजर रिलीज

**नई दिल्ली।** एंड्रयू बर्नस्टीन के निर्देशन में बनी फिल्म 'जैक रायनः घोस्ट वॉर' जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली है। इस पॉलिटिकल एक्शन-थ्रिलर फिल्म में अभिनेता जॉन क्रासिंस्की एक बार फिर से सीआईए एनालिस्ट 'जैक रायन' के रूप में धमाकेदार एक्शन करते हुए एक नए और खतरनाक मिशन पर निकले हैं। हाल ही में प्राइम वीडियो ने इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें जैक रायन एक बार फिर से अपने पुराने फॉर्म में नजर आ रहे हैं।



# देसी गर्ल का ब्लैक ड्रेस में दिखा स्वैग...

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा ने मिलान में आयोजित एक इवेंट में शिरकत की। जहां पर प्रियंका के अलावा हॉलीवुड स्टार ऐनी हैथवे और दुआ लिपा के अलावा कई स्टार्स ने अपने लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में एक इवेंट में शिरकत की। इस दौरान प्रियंका ने ब्लैक स्ट्रैपलेस गाउन और स्लीक बन हेयरस्टाइल के साथ चमचाती ज्वेलरी में एक नया ट्रेंड सेट कर दिया है। इस इवेंट में प्रियंका के अलावा कई हॉलीवुड अभिनेत्रियां भी नजर आईं। यह पूरा इवेंट फैशन और ग्लैमर से भरा हुआ था, जिसमें हर कोई अपनी स्टाइल से सबका ध्यान खींच रहा था। हाल ही में एक ज्वेलरी ब्रांड ने इटली के मिलान शहर में अपना नया हाई-एंड कलेक्शन लॉन्च किया। यह इवेंट इतना शानदार था कि पूरा कार्यक्रम रेड कार्पेट जैसा लग रहा था।



# पैपराजी ने बहन को समझ लिया बीबी


**मुंबई।** फरदीन खान का एक वीडियो इस वक्त काफी चर्चा में है जिसमें उनके साथ नजर आ रही लेडी को लोग उनकी पत्नी बता रहे हैं। सोमवार को मुंबई में एक अवॉर्ड फंक्शन में पपाराजी के सामने पोज़ देते हुए फरदीन खान ने फाइनली लोगों की कन्फ्यूजन को दूर किया। दोनों कैमरे पर काले रंग के लिबास में ट्विनिंग करते दिखे। साथ में पोज़ देते हुए लोगों ने जिन्हें फरदीन खान की पत्नी बताया, उनके बारे में एक्टर ने कहा- ये बहन है, बीवी नहीं है। दरअसल, इस मौके पर फरदीन अपनी बहन लैला खान के साथ नज़र आए। पैपराजी ने लैला को फरदीन की पत्नी समझ लिया। फरदीन एक वीडियो में उनकी इसी गलती को सुधारते दिख रहे हैं। वीडियो में फरदीन कहते दिख रहे हैं, 'ये बहन है मेरी, बीवी नहीं।



# स्लॉटरहाउस-फाइव से की कॅरियर की शुरुआत...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री वैलेरी पेरिन के निधन से उनके फैंस आहत हैं। उनकी दोस्त ने उनके निधन की जानकारी देते हुए, उनकी अंतिम इच्छा के बारे में भी बताया है। दिग्गज अभिनेत्री वैलेरी पेरिन का 82 साल की उम्र में निधन हो गया। वो लेनी और 'सुपरमैन'जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती थीं। टेक्सास के गैल्वेस्टन में जन्मीं पेरिन ने फिल्म 'स्लॉटरहाउस-फाइव' से अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की। उनकी मां एक डांसर थीं और उनके पिता अमेरिकी सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल थे। वह दो बार प्लेबॉय मैगजीन में भी नजर आईं और 1973 में ब्रूस जे फ्रेडमैन के नाटक 'स्टीमबाथ' के पीबीएस प्रसारण के दौरान जानबूझकर न्यूड अमेरिकी टेलीविजन पर दिखाई देने वाली पहली अभिनेत्री के रूप में सुर्खियों में आईं।

टीवी मसाला



# इन कलाकारों ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' टीवी के सबसे मशहूर शोज में से एक है। यह पिछले 18 वर्षों से दर्शकों की पसंद बना हुआ है। कई मशहूर कलाकारों ने किसी वजह से इस शो को छोड़ दिया। कुछ कलाकारों को कहीं काम नहीं मिला, कुछ ने खुद काम नहीं किया है। मोनिका भदौरिया ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के मेकर्स पर टॉर्चर करने और बुरा बर्ताव करने का इल्जाम लगाया था। इसके बाद उन्होंने शो से दूरी बना ली। इसके बाद वह किसी शो का हिस्सा नहीं बन सकीं। इन दिनों वह सोशल मीडिया पर अपने फोटो और वीडियो शेयर करती हैं। जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल ने प्रोड्यूसर असित मोदी पर संगीन इल्जाम लगाए थे। इसके बाद उन्होंने शो को अलविदा कह दिया था। शो छोड़ने के बाद उन्हें काम नहीं मिल रहा। बताया जाता है कि वह अपने करियर के बुरे दौर से भी गुजरीं। अब वह सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर हैं। वह फनी वीडियो बनाती हैं। दिशा वकानी यानी दयाबेन ने साल 2017 में मैटरनिटी लीव के लिए 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से ब्रेक लिया था। वह दो बच्चों की मां बन गईं। हालांकि उन्होंने दोबारा शो नहीं ज्वाइन किया। फिल्हाल वह एक्टिंग से दूर हैं। वह बच्चों और घर को संभाल रही हैं। गुरुचरण सिंह ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को 2018 में अलविदा कहा था। उन्होंने अपने पिता की देखभाल के लिए ब्रेक लिया था। इसके बाद वह किसी शो का हिस्सा नहीं बन पाए। इन दिनों वह दिल्ली में एक रेस्टोरेंट चला रहे हैं। शो में शैलेश लोढ़ा ने तारक मेहता का रोल प्ले किया था। उनके भी असित मोदी के साथ रिश्ते खराब हो गए थे। मेकर्स के साथ फीस को लेकर उनकी अनबन हो गई थी। शो छोड़ने के बाद उन्होंने दूसरे शो 'वाह भाई वाह' को होस्ट किया।

## द ट्रेटर्स के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू

**नई दिल्ली।** करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के दूसरे सीजन की शूटिंग राजस्थान में शुरू हो गई है। इस हाई-स्टेक वाले साइकोलॉजिकल रियलिटी फॉर्मेट के लिए कंटेस्टेंट्स का एक नया ग्रुप जैसलमेर पहुंच गया है। यह शो मशहूर पार्टी गेम 'माफिया' पर आधारित है। इस बार 'द ट्रेटर्स सीजन 2' में कई 'बिग बॉस' विनर्स हिस्सा लेने वाले हैं। इसमें एल्विश, श्वेता तिवारी, मुनव्वर फारूकी से लेकर रुबीना दिलैक तक के नाम हैं। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जाता है 'द ट्रेटर्स 2' की शूटिंग लगभग 14 दिनों तक चलेगी। रिपोर्ट में 'द ट्रेटर्स सीजन 2' के कई अन्य कंटेस्टेंट्स के नाम का खुलासा किया गया है। इनमें 'बिग बॉस' से अथाह शोहरत पाने वाले यूट्यूबर अभिषेक मल्हान का भी नाम है।



# इस हफ्ते रिलीज होंगी हेल मैरी समेत ये हॉलीवुड एक्शन और थ्रिलर फिल्में

**मुंबई।** बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' रिलीज हो चुकी है। मगर आने वाले हफ्ते में हॉलीवुड में भी एक के बाद एक हाई ऑक्टेन एक्शन और थ्रिलर फिल्में रिलीज होने वाली है। जिनमें से एक का दर्शक काफी समय से इंतजार कर रहे थे।

**दे विल किल यू** : फिल्म 'दे विल किल यू' एक एक्शन, कॉमेडी फिल्म है। जिसमें एक पूर्व कैदी महिला का किरदार दिखाया है। वह एक हाउसहेल्प की जॉब के लिए न्यूयॉर्क शहर के रहस्यमय इलाके में पहुंचती है। जहां लोगों के गायब होने की घटनाएं घट रही हैं। वहां जा कर एशिया रीव्स के साथ बहुत कुछ अप्रत्याशित होता है। कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म में जाजी बीट्ज, मायहाला, पैटरसन जोसेफ, टॉम फेल्टन मुख्य किरदार हैं।

**फॉर्बिडन फ्रूट** : 'फॉर्बिडन फ्रूट' एक कॉमेडी हॉरर फिल्म है। कहानी में एप्पल, चेरी और फिग नाम की जादूगरनियों साथ मिलकर अपना एक ग्रुप चलाती हैं। बाद में पम्पकिन नाम का एक किरदार उनसे जुड़ जाती है। जिसके बाद उन सब के बीच अफरा- तफरी मचा देती है। इस किरदार के आने से उन सब के बीच संदेह पैदा हो जाता है। फिल्म 27 मार्च को रिलीज होने वाली है। लिली रेनहार्ट, लोला टंग, विक्टोरिया पेड्रेटी, एलेक्जेंड्रा शिप, एम्मा चेम्बरलेन इस फिल्म में अहम भूमिका में नजर आएंगे।



**शी डांसेस** : शी डांसेस बहुत ही मार्मिक विषय पर बात करती है। पिता और बेटी के रिश्ते पर बेस्ड इस फिल्म में एक सिंगल पिता अपनी टीन एज बेटी से पहली मुलाकात करता है। जिसके बाद अपने और बेटी के संबंध सुधारने के लिए उसके साथ एक नृत्य प्रतियोगिता में उसे साथ ले जाने का फैसला करता है। यह कॉमेडी ड्रामा फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी। एथन हॉक, सोनेक्वा मार्टिन-ग्रीन, मैकेंजी ज़िग्लर, रोजमेरी डेविट कास्ट में हैं। फिल्म को रिक गोमेज ने निर्देशित किया है।

**द एआई डॉकः या हाउ आई बिकेम एन एपोकालोप्टिमिस्ट** : साइंस और एआई में रूचि रखने वालों के लिए यह फिल्म काफी इंट्रेस्टिंग है। डैनियल रोहर एक ऐसे समय में पिता बनना चाहता है जब एआई मानव जीवन पर हावी है। इस क्रम में वो एआई के दोनों पहलुओं को देखता है। सिर्फ यह जानने के लिए कि वो किस वातावरण में अपने बच्चे का स्वागत करेगा। द एआई डॉक एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म है जिसका निर्देशन खुद डैनियल रोहर ने चार्ली टायरेल के साथ मिलकर किया है।

# रैपर बादशाह ने ईशा के साथ गुपचुप तरीके से रचाई शादी

*मुंबई। चर्चित सिंगर और रैपर बादशाह ने शादी रचा ली है। बादशाह की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सिंगर ने ईशा रिखी के साथ गुपचुप तरीके से शादी रचाई है। यह बादशाह की दूसरी शादी है। इससे पहले उन्होंने जैस्मिन मसीह से शादी की थी। हालांकि, छह साल पहले दोनों का तलाक हो चुका है। अब ईशा के साथ उन्होंने जिंदगी का नया सफर शुरू किया है। बादशाह जहां म्यूजिक की दुनिया का बड़ा नाम हैं, वहीं उनकी दुल्हनिया ईशा रिखी का सिक्का अभिनय की दुनिया में चलता है। वे मॉडल और एक्ट्रेस हैं। ईशा रिखी का जन्म 9 सितंबर 1993 को चंडीगढ़ में हुआ था। उनकी स्कूलिंग चंडीगढ़ से ही हुई है। वहीं, से पंजाब यूनिवर्सिटी से बैचलर डिग्री हासिल की। 12वीं क्लास में ईशा ने मॉडलिंग शुरू कर दी थी।*



## 1978 के बाद बदला स्टारडम का पूरा गेम

# बिग बी की वो फिल्में, जिन्होंने छीन ली थी काका की नींद

*नई दिल्ली। 70 का दशक बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना के लिए एक सपने जैसा था, लेकिन अमिताभ बच्चन की लगातार 20 सफल फिल्मों ने इसे एक डरावनी सच्चाई में बदल दिया। 1973 की 'जंजीर' से शुरू हुआ यह ट्रेंड 1978 की 'मुकद्दर का सिकंदर' तक बॉलीवुड को पूरी तरह से बदल चुका था। इन फिल्मों की सफलता ने राजेश खन्ना के मन में स्टारडम खोने का ऐसा डर पैदा कर दिया।*

### एंग्री यंग मैन

अमिताभ बच्चन की उन 20 लैंडमार्क फिल्मों ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस के समीकरण बदले, बल्कि राजेश खन्ना के 'चॉकलेटी रोमांस' के दौर को भी खत्म कर दिया और 'एंग्री यंग मैन' के सुनहरे दौर की शुरुआत की। कहानी शुरू होती है 1973 से, जब राजेश खन्ना बॉक्स ऑफिस पर छाए हुए थे। लेकिन फिर, 'जंजीर' से पुलिस की वर्दी पहने एक 'एंग्री यंग मैन' ने ऐसी धूम मचाई कि पूरा सिस्टम हिल गया।

### घर-घर में हो गए मशहूर

इसके तुरंत बाद, ऋषिकेश मुखर्जी की 'नमक हराम' आई, जिसमें राजेश खन्ना के सामने खड़े अमिताभ ने शो चुरा लिया और कहा जाता है कि तभी पहली बार 'काका' को अपना स्टारडम खोने का डर सताने लगा। उसी साल अमिताभ ने अभिमान में एक कलाकार के ईगो की कहानी कहकर दर्शकों के दिलों में गहरी जगह बनाई. अगले दो सालों में अमिताभ बच्चन ने थ्रिलर और ड्रामा का कॉकटेल पेश किया, जिससे वह मजबूर, कसौटी और बेनाम जैसी फिल्मों से घर-घर में मशहूर हो गए।



### बॉलीवुड का बेताज बादशाह

आखिरकार, 1978 वह 'गोल्डन ईयर' बन गया जिसने पूरी तरह से खेल बदल दिया। 'डॉन' के रूप में, उन्होंने अंडरवर्ल्ड का ऐसा अकड़ दिखाया कि दुनिया दीवानी हो गई, जबकि त्रिशूल में अपने पिता के खिलाफ खड़े एक बागी बेटे के रूप में उनकी दहाड़ ने राजेश खन्ना की बची-खुची हिम्मत को चकनाचूर कर दिया। उसी साल कसमे वादे में अमिताभ बच्चन के डबल रोल और मुकद्दर का सिकंदर में उनके बलिदान, जिसमें सिकंदर जोहराबाई के कोठे पर मर जाता है, ने अमिताभ बच्चन को बॉलीवुड का बेताज बादशाह बना दिया।

### एक्टिंग की वर्सटैलिटी दिखाया

*1975 वह साल था जिसने बॉलीवुड के इतिहास को बांट दिया। एक तरफ 'दीवार' में अमिताभ बच्चन के 'आज खुश तो बहुत होगे तुम' ने राजेश खन्ना के 'चॉकलेट रोमांस' के ताबूत में आखिरी कील ठोक दी, तो दूसरी तरफ 'शोले' की सुनामी ने उन्हें 'सिक्का उछालने वाले' के तौर पर स्थापित कर दिया। उसी साल 'जमीर' और 'मिली' जैसी फिल्मों ने उनकी एक्टिंग की वर्सटैलिटी को दिखाया। 1970 के दशक के आगे बढ़ने के साथ, राजेश खन्ना को सोलो फिल्में पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, जबकि अमिताभ बच्चन ने मल्टी-स्टारर फिल्मों के साथ बॉक्स ऑफिस पर राज किया।*

### बैक-टू-बैक हिट फिल्में

*दो अनजाने में बदले की आग और हेरा फेरी की मस्ती ने उन्हें युवाओं का पसंदीदा बना दिया। फिर 1977 में अमर अकबर एंथनी ने कॉमेडी और कमर्शियल सिनेमा के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इसने परवरिश, खून पसीना और अदालत जैसी बैक-टू-बैक हिट फिल्मों के साथ, राजेश खन्ना को एहसास दिलाया कि वह दौर जब सिर्फ 'गर्दन टेढ़ी करके मुस्कुराने' से फिल्में बन जाती थीं, अब खत्म हो गया है।*

## खबर संक्षेप

### धरने पर बैठे सफाईकर्मियों को मिला समर्थन

**सोनीपत।** नगर निगम कार्यालय में धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों को कांग्रेस पार्टी के उप प्रधान एवं जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने समर्थन दिया। उन्होंने धरना स्थल पर पहुंचकर कर्मचारियों की मांगों को जायज ठहराते हुए भाजपा सरकार से उन्हें तुरंत पूरा करने की मांग की। बड़वासनिया ने कहा कि सफाई कर्मचारी दिन-रात मेहनत करते हैं, लेकिन इसके बावजूद उनका लगातार शोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले सरकार ने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने का वादा किया था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे कर्मचारियों में रोष बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि हर बार झूठे आश्वासन देकर कर्मचारियों के आंदोलन को खत्म करने का प्रयास किया जाता है।


**सोनीपत।** कॉलेज लौटने पर छात्रा के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

### राष्ट्रीय एकता शिविर में हिस्सा लेकर लौटी सोनिया

**सोनीपत।** राष्ट्रीय एकता शिविर में बेहतरीन प्रदर्शन कर जीवीएम गर्ल्स कालेज की एनएसएस की स्वयंसेविका सोनिया वापस लौट आई है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सोनिया को चयन एवं प्रतिभागिता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जीवीएम की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी ने बताया कि कर्नाटक में 12 से 18 मार्च तक आयोजित एनएसएस के राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए जीवीएम की बीसीए द्वितीय वर्ष की स्वयंसेविका सोनिया का चयन हुआ। यह जीवीएम की एनएसएस इकाई के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है।

#### नियुक्त कर्मचारी मोबाइल के माध्यम से साधेंगे लाभार्थियों से संपर्क

# जिले के 19500 यात्रियों को जल्द मिलेंगे हैप्पी कार्ड, टीमों का गठन

**जरूरतमंद परिवारों को नि:शुल्क सफर की सेवा मुहैया करवाने की ओर विभाग की मुहिम तेज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हैप्पी कार्ड योजना के तहत आवेदन करने वाले जिले के 19500 यात्रियों को जल्द कार्ड का वितरण किया जाएगा। सरकार की ओर से सोनीपत बस डिपो में यह नए हैप्पी कार्ड भेज दिए गए हैं। कार्ड वितरण के लिए जिला रोडवेज विभाग के अधिकारियों ने टीमों का गठन किया है। टीमों में नियुक्त कर्मचारी जल्द मोबाइल के माध्यम से लाभार्थियों को संपर्क साधकर कार्डों का वितरण करेंगे। साथ ही बस अड्डा परिसर में हैल्प डेस्क भी स्थापित किया जाएगा। सरकार ने रोडवेज बसों में जरूरतमंद परिवारों को निशुल्क सफर की सेवा मुहैया करवाने के उद्देश्य से हैप्पी कार्ड योजना लागू की गई है। योजना के तहत रोडवेज बसों में सफर करने वाले इन लाभार्थियों को एक वर्ष में 1000 किलोमीटर तक निशुल्क सुविधा प्रदान की गई है। योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले नए लाभार्थियों के कार्ड सोनीपत रोडवेज बस डिपो में बने पास कार्यालय में पहुंच चुके हैं। इनके वितरण को लेकर अधिकारियों ने टीमों का गठन किया है। रोडवेज कर्मचारी मोबाइल के जरिये जल्द लाभार्थियों से सर्क साधकर उन्हें हैप्पी कार्ड मुहैया कराएंगे।


**सोनीपत।** बस अड्डा परिसर से बाहर आते यात्री।

**कर्मचारी जल्द यात्रियों से संपर्क करें**

यात्रियों को हैप्पी कार्ड योजना का लाभ मुहैया करवाने के लिए सोनीपत बस डिपो में करीब 19500 कार्ड भेजे गए हैं। इन कार्डों का वितरण करने के लिए टीमों का गठन किया गया है। कर्मचारी जल्द यात्रियों से संपर्क कर उन्हें कार्ड मुहैया करवाएंगे। साथ ही लाभार्थियों की सुविधा के लिए हैल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। **-संजय कुमार, महाप्रबंधक, बस डिपो, सोनीपत**

#### करीब 35500 लाभार्थी उठा रहे योजना का लाभ

अधिकारियों की मानें तो योजना के तहत अब तक जिले में करीब 55000 हैप्पी कार्ड बनाए जा चुके हैं। इनमें से करीब 35500 यात्री पहले से हैप्पी कार्ड के तहत निशुल्क सफर कर योजना का लाभ उठा रहे हैं। इस बीच काफी समय से आवेदन करने वाले यात्रियों को हैप्पी कार्ड मुहैया नहीं हो पा रहे थे। अब सरकार ने आवेदन करने वाले यात्रियों की सुध लेते हुए करीब 19500 हैप्पी कार्ड सोनीपत बस डिपो में पहुंचाए हैं। वितरण के पश्चात हैप्पी कार्ड को एक्टिव करने के लिए लाभार्थी को 50 रुपये का शुल्क अदा करना होगा। ऐसे में लाभार्थी अटल सेवा केंद्र व सोनीपत बस डिपो में बनने वाले हेल्प डेस्क पर अपना कार्ड एक्टिव करवा सकते हैं।

#### हैप्पी कार्ड को सीनियर सिटीजन कार्ड में कर सकते हैं अपडेट

विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अगर किसी बुजुर्ग का हैप्पी कार्ड बना हुआ है और उसने सालाना 1000 किलोमीटर के निशुल्क सफर का लाभ उठा लिया है, तो बुजुर्ग के हैप्पी कार्ड को ही सीनियर सिटीजन कार्ड में अपडेट किया जा सकता है। सीनियर सिटीजन कार्ड के जरिये बुजुर्गों को सफर के दौरान किराए में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की गई है। सीनियर सिटीजन कार्ड के एनसीएमसी कार्ड में बदलने के बाद उसे रिचार्ज करवाना अनिवार्य है। सीनियर सिटीजन को कार्ड में रुपये होने के बाद ही किराए में छूट प्रदान की जा सकेगी।


**गोहाना।** साईं महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन करते हुए नागरिक।

#### साईं महाराज को जयंती पर किया नमन

गोहाना। महम रोड गोहाना स्थित स्वामी गोविंद गिरि कुटिया में स्वामी गोविंद गिरी साईं महाराज की जयंती हर्षोल्लास से मनाते हुए सांई भजन और भंडारे का आयोजन किया गया। जयंती समारोह की अध्यक्षता गोविंद गिरी साईं ट्रस्ट के अध्यक्ष सुभाष वर्मा ने की। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक जगबीर सिंह मलिक ने कहा स्वामी गोविंद गिरी साईं महाराज ने ईश्वर भक्ति और एकता की शिक्षा दी। साईं महाराज ने हमें बताया कि मनुष्य जीवन सिर्फ सुख सुविधाओं के लिए नहीं बल्कि ईश्वर साक्षात्कार और मोक्ष की प्राप्ति के लिए है। वे सत्संग और ध्यान को आत्म शांति और आत्मज्ञान मानते थे। जयंती समारोह के विशिष्ट अतिथि आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी थे।

## डीसी ने धन्यवाद रैली को लेकर की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

29 मार्च को गोहाना की नई सब्जी मंडी में आयोजित होने वाली धन्यवाद एवं विकास रैली को लेकर मंगलवार को डीसी नेहा सिंह ने जिला के सभी विभागाध्यक्षों की बैठक ली। बैठक का आयोजन पीडब्ल्यूडी सिंचाई विश्राम गृह गोहाना में किया गया। बैठक में रैली के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। डीसी नेहा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के आयोजन में किसी प्रकार की कमी न रहे और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने ट्रैफिक मैनेजमेंट, क्राउड मैनेजमेंट, पार्किंग व्यवस्था, स्टेज निर्माण व अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में माइक व एलईडी स्क्रीन, लाइव स्ट्रीमिंग, साफ-सफाई व्यवस्था, बिजली की निर्बाध आपूर्ति, पानी की पर्याप्त व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट्स, एंबुलेंस व डॉक्टरों की टीम, फायर फाइटिंग वाहन, सेफ हॉस्पिटल, इंटरनेट कनेक्शन, टेंट व बसों की व्यवस्था सहित विभिन्न आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई।


**गोहाना।** रैली स्थल के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से बात करतीं डीसी नेहा सिंह।


आशीष को शुभकामनाएं देते हुए विधायक कृष्णा गहलावत एवं अन्य।

#### यूपीएससी में सफलता प्राप्त करने पर आशीष को विधायक ने घर पहुंचकर दी बधाई

**सोनीपत।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सोनीपत न्यू पंचम नगर निवासी आशीष ने 592वीं रैंक हासिल करने पर विधायक कृष्णा गहलावत उनके निवास स्थान पर पहुंची और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विधायक ने आशीष के पिता एसआई महेंद्र सिंह व अन्य परिजनों को भी बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है। आशीष ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोलना है, ताकि वे देश और प्रदेश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

## कन्याओं का पूजन कर सम्मान का लिया संकल्प

- सारथी जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट ने नवरात्रों के अवसर पर शिव मंदिर, बस स्टैंड के सामने, शिवाजी कॉलोनी में किया कन्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सारथी जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट ने नवरात्रों के अवसर पर शिव मंदिर, बस स्टैंड के सामने, शिवाजी कॉलोनी में कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का विषय प्रतिवर्ष की भांति सामाजिक जागरूकता विषय कन्या पूजन आखिर कब तक? की थीम पर आधारित रहा। इस दौरान कन्याओं का विधिविधान से तिलक लगाकर, चुनरी ओढ़ाकर, फल एवं उपहार भेंट कर पूजन किया गया। सभी लोगों ने कन्याओं के सम्मान व उनके महत्व को समझने का संकल्प लिया। स्प्रेड स्माइल की ओर से संचालित शिव मंदिर स्थित निशुल्क पाठशाला के छात्र-छात्राओं के बीच विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने बाल मजदूरी जैसे गंभीर सामाजिक विषय पर नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत की। जिसने सभी को प्रभावित किया। इसके अतिरिक्त छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी, जिनकी ट्रस्ट के सदस्यों ने सराहना की। इस दौरान किरण बाला, मीनू गबरानी, सुशील गोयल, आनंदपाल अहलावत सहित स्कूल की अध्यापिका शारदा रेलन का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में कन्याओं के प्रति सम्मान, समानता एवं जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। ट्रस्ट के सदस्यों ने भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करते रहने का संकल्प लिया।


**सोनीपत।** शिव मंदिर स्थित निशुल्क पाठशाला में कन्या पूजन कार्यक्रम में मौजूद सारथी जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## एनएसएस शिविर में नशामुक्ति व स्वच्छता पर रहा जोर

- राजकीय महाविद्यालय का एनएसएस शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में 18 से 24 मार्च तक चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर एनएसएस अधिकारी एवं प्रभारी मधुलता, सह प्रभारी जगबीर सिंह ने शिविरीय गतिविधियों की सात दिवसीय रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें बताया गया कि महाविद्यालय के निकटवर्ती गांव बरोना में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर लगाया गया। जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों ने गांव वासियों को विभिन्न समस्याओं के प्रति जागरुक करते हुए उनके निदान के सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत किये। इस दौरान स्वयंसेवकों ने पौधारोपण, स्वच्छता अभियान व प्लास्टिक पर जागरुकता अभियान, डिजिटल भारत को बढ़ावा देने हेतु रैली, नशा मुक्ति को रोकने हेतु जनमानस को प्रेरित करने हेतु रैली, रक्तदान और अंगदान संबंधी रैली, सड़क दुर्घटना में हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए सड़क सुरक्षा नियमों पर आधारित नुक्कड़ नाटक के साथ-साथ विभिन्न विषयों से संबंधित विस्तार व्याख्यान कराए। समापन अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. तराना नेगी ने स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए और उन्हें भविष्य में निस्वार्थ भाव से सेवा करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्या ने स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक आयोजन को सराहा और छात्रों के द्वारा सात दिवसीय शिविर के सुंदर संचालन पर बधाई दी। महाविद्यालय में कार्यरत आईटीआई अप्रेंटिस निखिल, जितेंद्र, राजेंद्र, आनंद ने विशेष योगदान दिया। शिविर के अंतिम दिन अतिथिगण के तौर पर बरोणा की सरपंच गीता देवी, मुख्य अतिथि राम कुमार दहिया, किरण सरोहा, डॉ दिनेश और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।


**खरखौदा।** स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए प्राचार्या। फोटो : हरिभूमि


**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

#### रामायण महायज्ञ में सुन्दर कांड की कथा का वर्णन

**सोनीपत।** श्रीराम शरणम् आश्रम सेक्टर-15 में आयोजित रामायण महायज्ञ के दौरान कथा वाचन में आज नवरत्न चोपड़ा ने साधकों को किष्किंधा कांड के पश्चात सुन्दर कांड का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि सुन्दर कांड के आरंभ के साथ ही यह विश्वास जागृत होता है कि माता सीता का शीघ्र पता चल जाएगा। इस उद्देश्य से सुग्रीव ने अपनी वानर सेना को विभिन्न समूहों में बांटकर अलग-अलग दिशाओं में भेजा। उन्होंने बताया कि जामवंत, अंगद, नल-नील और हनुमान जैसे बलशाली योद्धाओं का दल लंका की ओर भेजा गया। समुद्र तट पर पहुंचने के बाद सभी ने समुद्र पार करने में असमर्थता जताई। तब जामवंत ने हनुमान को उनकी शक्तियों और वरदानों का स्मरण कराया।

## एलपीजी व पीएनजी गैस की कमी को लेकर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में एलपीजी व पीएनजी गैस की कमी और लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर उद्योगपतियों की चिंता बढ़ गई है। इस संबंध में एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन, बड़ी ने संयुक्त निदेशक, एमएसएमई सोनीपत को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग उठाई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में गैस की सप्लाई अनियमित हो गई है, जिससे उत्पादन कार्य प्रभावित हो रहा है। वहीं दूसरी ओर गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि से उत्पादन लागत में भारी इजाफा हो गया है। छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए यह स्थिति बेहद गंभीर बनती जा रही है, क्योंकि बढ़ती लागत के चलते प्रतिस्पर्धा में टिक पाना मुश्किल हो रहा है। उद्योगपतियों का कहना है कि गैस संकट के कारण कई इकाइयों में उत्पादन घटाना पड़ा है, जबकि कुछ उद्योग बंद होने के कगार पर पहुंच गए हैं। इसका सीधा असर श्रमिकों और कारीगरों पर भी पड़ रहा है। क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है। एसोसिएशन ने प्रशासन से मांग की है कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

## राजकीय स्कूल परिसर में सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

- ऐसे प्रयास गांव के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं : त्रिलोकचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गांव राजलू गढ़ी में समाज सुधार संकल्प समिति द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत गांव के राजकीय स्कूल में विशेष सफाई अभियान चलाया। समिति के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए स्कूल के कमरों की छत की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। समिति के प्रधान अजीत राठी ने किया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। समिति समय-समय पर ऐसे अभियान चलाती रहेगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति का योगदान जरूरी है। गांव के सरपंच विजेंद्र राठी व समिति के विशेष सलाहकार त्रिलोकचंद शर्मा ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास गांव के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधान अजीत राठी ने कहा कि समिति भविष्य में भी गांव के विकास और जन जागरूकता से जुड़े कार्य निरंतर करती रहेंगी।


राजकीय स्कूल की छतों की सफाई करते हुए समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## न्यूज डायरी



### जनता विद्या भवन में चौ. जयराम का जन्मदिन मनाया

**गोहाना।** जनता विद्या भवन बुटाना संस्था में चौ. जयराम के जन्मदिवस दिवस पर हवन किया गया। संस्थान प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों और शिक्षकों ने हवन में आहुतियां डालकर चौ. जयराम को श्रद्धांजलि दी। संस्थान के अध्यक्ष अजीत सिंह सांगवान ने कहा कि जयराम परिवार ने संस्था के लिए जमीन दान दे कर इलाके में शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। अब यह हमारी जिम्मेवारी है कि हम युवाओं को खेलों एवं शिक्षा में निपुण बनाकर चौ. जयराम की सोच को साकार करने का काम करें। कार्यक्रम में संस्थान के प्रतिनिधियों और शिक्षकों ने चौ. जयराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके नमन किया। इस अवसर पर संस्था के सचिव रामनिवास सांगवान, संयुक्त सचिव कृष्ण सांगवान, खजांची राजेंद्र कुंडू, दलीप सांगवान, ईश्वर आदि रहे।



### तिरंगा यात्रा निकालकर दिया देशभक्ति का संदेश

**खरखौदा।** बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में बलिदान सम्मान यात्रा निकाली गई। उक्त यात्रा बलिदानी मेहर सिंह स्मारक, बरोणा से प्रारंभ होकर जागृति स्थल, खरखौदा तक निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में नौजवानों ने भाग लिया। यात्रा के दौरान युवाओं में देशभक्ति का जोश देखते ही बनता था। हाथों में तिरंगा लिए और देशभक्ति के नारों के साथ आगे बढ़ते हुए युवाओं ने पूरे मार्ग को देशप्रेम के रंग में रंग दिया। इस अवसर पर महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित युवाओं ने देश, धर्म और राष्ट्र की उन्नति में पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया। साथ ही, भगत सिंह के सपनों का भारत बनाने हेतु एकजुट होकर कार्य करने का प्रण लिया।



### निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीए की कोमल प्रथम

**गोहाना।** बरोदा गांव स्थित राजकीय महाविद्यालय में शहीदी दिवस पर निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। यह प्रतियोगिता शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के राजनीतिक विचारों की वर्तमान में प्रासंगिकता विषय पर आधारित रही। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कोमल अव्वल रही। बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा शिवानी ने द्वितीय और बीए तृतीय वर्ष की छात्रा काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्राचार्य लोकेश बल्हारा ने की। संचालन राजनीतिक विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक नसीब गुलिया ने किया। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



### शिक्षा के साथ संस्कार भी देना जरूरी : सुभाष भारती

**गोहाना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित गीता विद्या मंदिर गोहाना में नए शैक्षणिक सत्र की योजनाओं के संदर्भ में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी कुमार ने की। इसमें आगामी सत्र की शैक्षणिक एवं संस्कारात्मक गतिविधियों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। क्षेत्रीय सेवा शिक्षा संयोजक सुभाष भारती प्रवास हेतु विद्यालय पहुंचे। उन्होंने शिक्षकों को नए सत्र की योजनाओं, संस्कार केंद्रों के प्रभावी संचालन तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के विषय में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ संस्कारयुक्त वातावरण निर्माण पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में विषय प्रमुखों से अपने-अपने विषय को विशिष्ट एवं उत्कृष्ट बनाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों एवं पाठ्यक्रम की विस्तृत तैयारी पर चर्चा की गई।


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली का स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी।

### बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

**गन्नौर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने मंगलवार को गन्नौर विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर संगठन की मजबूती और जनसेवा पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी की ताकत बताते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करते हैं। बैठक में उन्होंने कहा कि भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत से बना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं। इस दौरान बड़ौली ने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी आंतरिक कलह और गुटबाजी से जूझ रही है और दिशाहीन हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा में देश सर्वोपरि है, जबकि कांग्रेस सत्ता को प्राथमिकता देती है। बैठक में गन्नौर से पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक, विधायक देवेंद्र कादियान, जिला महामंत्री तरुण देवीदास, युवा नेता नीरज ठरू, निशांत छोक्कर, आजाद सिंह नेहरा, योगेश कौशिक आदि रहे।

**न्यायालय श्री सोमेश वशिष्ठ सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी/ सर्कल राजस्व अधिकारी एवं नायब तहसीलदार, सोनीपत।**

इस विज्ञापन द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री नवरत्न पुत्र श्री लखीराम पुत्र छोटू निवासी गांव नैनातातारपुर, तहसील व जिला सोनीपत ने सूचित किया है कि मेरा भाई श्री रणबीर पुत्र लखीराम पुत्र छोटू लगभग 45 साल से गायब है। इस बारे हल्का पटवारी नैनातातारपुर द्वारा ईन्तकाल सं. 2126 मौजा नैनातातारपुर के राजस्व रिकॉर्ड में बजरिए अखराज नामा श्री रणबीर पुत्र लखीराम बहक श्री सुबे-धर्मचंद (बजरिएवारिसान)- नवरत्न पुत्रान व श्रीमती दयावती पुत्री लखीराम पुत्र छोटू के हक में दिनांक 27/12/2025 को दर्ज किया गया है। उक्त ईन्तकाल मेरे सम्मुख दिनांक 24/03/2026 को प्रस्तुत किया गया है। उक्त ईन्तकाल के स्वीकृत किए जाने पर यदि सर्वसाधारण /किसी पक्ष को कोई आपत्ति /दावा है तो वह अपनी आपत्ती दिनांक 23/04/2026 तक इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। बाद गुजरने मियाद यह माना जाएगा कि किसी भी पक्ष को उक्त ईन्तकाल की स्वीकृति पर कोई आपत्ति ना है तथा ईन्तकाल अखराज नामा बारे गुण व दोष के आधार पर निर्णय हेतु आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर सहित दिनांक 24/03/2026 को जारी हुआ।

सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी / सर्कल राजस्व अधिकारी एवं नायब तहसीलदार सोनीपत।

## खबर संक्षेप



### 50 मरीजों को वितरित की गई पोषण आहार किट


**सोनीपत।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत मंगलवार को निक्षय दिवस पर सिविल अस्पताल सोनीपत में वीएसपी चेरीटेबल ट्रस्ट ने 50 टीबी मरीजों में पोषण आहार किट का वितरण किया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के संस्थापक पालाराम, महेंद्र वशिष्ठ, डॉ. तरुण यादव, कपीश कुमार, मांगेराम, सुमित त्यागी, सुमित अलख एवं पवन शर्मा की उपस्थिति रही। जो मरीज किसी कारणवश किट प्राप्त नहीं कर सकते उन्हें घर-घर जाकर किट सुपुर्द करने के साथ साथ ट्रस्ट के अध्यक्ष पालाराम ने जिम्मेदारी उठाई।

### आईटीआई फरमाणा से उपकरण चोरी

**खरखौदा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) फरमाणा में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुबह संस्थान के कर्मचारी उपकार सिंह ने फोन पर चोरी होने की सूचना दी कि संस्थान के सभी कमरों के ताले टूटे हुए हैं और अंदर चोरी हो चुकी है। संस्थान प्राचार्य संदीप कुमार अहलावत के अनुसार, चोरों ने कई कमरों के ताले तोड़कर अंदर रखे कीमती उपकरण चोरी कर लिए।

### चैत्र नवरात्र उत्सव : आज सप्तमी के मेले में उमड़ेंगे श्रद्धालु

# चिटाने वाली माता मंदिर में की छठ की कढ़ाई, जगत जननी के गूंजे जयकारे



**सोनीपत।** श्री देवी चिटाने वाली माता मंदिर सिद्धपीठ में महाआरती करते कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दीवान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

चैत्र नवरात्र के छठे दिन मंगलवार को मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने अपनी मन्नतें मांगी। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। माता के दरबार को फूल-माला व लाल चुनरी से सजाया गया। हलवाई हट्टा स्थित श्री देवी चिटाने वाली माता मंदिर सिद्धपीठ में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर छठ की सवामनी की कढ़ाई कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कामी रोड स्थित रामलीला मैदान व गांव चिटाना में बुधवार को सप्तमी का मेला लगाया जाएगा। मेले में प्रदेशभर ही नहीं, बल्कि दिल्ली व उत्तर प्रदेश से भी श्रद्धालु अपने परिवार के साथ पूजा-अर्चना के लिए पहुंचेंगे। मेले को लेकर दोनों जगह मंदिर समितियों ने तैयारी पूरी कर ली है।

### कंजकों को प्रसाद किया वितरित

पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दीवान, ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने भी श्रद्धालुओं के साथ चिटाने वाली माता के मंदिर में पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने भक्तजनों के कल्याण के लिए मनोकामना की। कविता जैन ने कहा कि माता की कृपा से भक्तों का उत्थान हो रहा है। सच्चे हृदय से की गई प्रार्थना को माता रानी अवश्य स्वीकारती हैं। कढ़ाई के बाद सर्वप्रथम कंजकों को प्रसाद वितरित किया। सप्तमी के मेले को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना है। उन्होंने बताया कि 25 मार्च को माता रानी प्रातःकाल 4 बजे कामी रोड स्थित रामलीला ग्राउंड के लिए प्रस्थान करेंगी। यहां प्रातः 5 बजे महाआरती के साथ मेले का शुभारंभ किया जाएगा। तत्पश्चात 27 मार्च को सुबह 10 बजे माता रानी रामलीला ग्राउंड से रथ पर सवार होकर मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगी। यह निराली परंपरा सदियों से चली आ रही है। पूर्व मंत्री कविता जैन ने माता रानी से कामना की, कि वह सभी भक्तों पर अपनी कृपा व आशीर्वाद सदैव बनाए रखें। इस दौरान पंडित अमित शौनक, समिति के प्रधान महेश गोयल, तरुण गोयल, कैलाश कुच्छल, अजय कुच्छल, अशोक कुमार, दीपक गोयल, अनिल कुच्छल, मनीष कुच्छल, प्रदीप कुमार, नरेश गोयल, सुधीर कुमार, देवेंद्र कुच्छल, अमित शर्मा, शुभम गोयल, वेद कुच्छल मौजूद रहे।

### धार्मिक आयोजन सकारात्मक ऊर्जा लाते : दीवान

*कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दीवान ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं होते, बल्कि ये समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। चिटाना वाली माता मंदिर की महिमा अपरंपार है। यहां आकर जो मानसिक शांति मिलती है, वह अतुलनीय है। हमें अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को संजोकर रखना चाहिए। यह आयोजन न केवल आस्था का केंद्र बना है, बल्कि सामाजिक एकता का भी प्रतीक रहा है। ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने मंदिर समिति के प्रयास की सराहना की। मंदिर प्रबंधन समिति ने कमल दीवान सहित सभी अतिथियों को माता की चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया। इस धार्मिक आयोजन में राजनीति व समाजसेवा से जुड़े कई लोगों ने भी भाग लिया। इनमें महासचिव राजेश सेवली, सचिव अंकित मेहता, लीलू ककरोई, अशोक शर्मा शामिल रहे।*



**सोनीपत।** श्री देवी चिटाने वाली माता मंदिर सिद्धपीठ में माता रानी की पूजा-अर्चना करती पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन व श्रद्धालु।

## खबर संक्षेप



### ई-खरीद पोर्टल की खामियों के विरोध में कर्मचारियों ने किया रोष प्रदर्शन

**गन्नौर।** मंडी बोर्ड कर्मचारियों ने ई-खरीद पोर्टल व रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की खामियों तथा कर्मचारियों पर सीधे एफआईआर व गिरफ्तारी के विरोध में गन्नौर मार्किट कमेटी के कर्मचारियों ने सचिव व सहायक सचिव के नेतृत्व में काले बिल्ले लगाकर गेट मीटिंग के माध्यम से रोष प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को प्रमुखता से रखा। सचिव ने बताया कि उनकी मांग थी कि यदि किसान ने रजिस्ट्रेशन करवा रखा है तो मार्केट कमेटी गेट पास देने से इंकार नहीं कर सकती, वहीं बिना रजिस्ट्रेशन के एक किलो अनाज का भी गेट पास नहीं काटा जाना चाहिए। उनकी मांग है कि किसी भी कर्मचारी या अधिकारी की गिरफ्तारी से पहले विभागीय जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने पर ही आगे की कार्रवाई हो। उनकी मांग है कि ई-खरीद पोर्टल व रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को शीघ्र दुरुस्त किया जाए तथा सीजन के दौरान मंडियों में पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध कराया जाए। इस मौके पर शिव कुमार राठी (सचिव), जगबीर सिंह, हरिओम, कुलबीर, आशा रानी आदि कर्मचारी मौजूद रहे।



### रक्तदान शिविर में 572 यूनिट रक्त संग्रहित

**गन्नौर।** रेलवे रोड स्थित पारस वाटिका में मंगलवार को व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय शेखर चंद जैन की प्रथम पुण्यतिथि पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर व निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कुल 572 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, पूर्व सांसद रमेश कौशिक, पूर्व विधायक निर्मल चौधरी, देवेंद्र कौशिक, इनेलो प्रदेश सचिव सुरेश त्यागी, जजपा हलकाध्यक्ष सियानंद त्यागी, नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, मार्केट कमेटी चेयरमैन निशांत छौक्कर, वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक ने शिरकत की। अतिथियों को आयोजक गौरव शेखर जैन व पार्षद शिवानी जैन ने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया वहीं नेत्र जांच शिविर में 382 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 240 लोगों को निश्शुल्क चश्मे वितरित किए गए और 306 लोगों को दवाइयां दी गईं। इसके अलावा 57 मरीजों को मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चयनित किया गया, जिनके निश्शुल्क आपरेशन किए जाएंगे। रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र दिए गए।



### 2.50 करोड़ से लहरी सिंह पार्क का बदलेगा स्वरूप

**गन्नौर।** लंबे समय से उपेक्षा का शिकार नगरपालिका के साथ लगते लहरी सिंह पार्क अब करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत से ब्यूटीफिकेशन एंड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत भव्य रूप दिया जाएगा। मंगलवार को गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने नारियल तोड़कर इस निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। स्थानीय निवासियों ने फूलमालाओं के साथ विधायक का जोरदार स्वागत किया। विधायक कादियान ने कहा कि इस पायलट प्रोजेक्ट के लिए एक साल की डेडलाइन तय की गई है। पार्क के सौंदर्यीकरण में आधुनिकता और पर्यावरण का खास तालमेल दिखेगा। उन्होंने बताया कि पार्क को रोशन करने के लिए इको-फ्रेंडली सोलर ट्री और डिजाइनर लैंप पोस्ट लगाए जाएंगे। युवाओं के लिए ओपन जिम, बुजुर्गों के लिए स्मूथ वॉकिंग ट्रैक और बच्चों के लिए आधुनिक झूलों वाला प्ले एरिया विकसित होगा। इस अवसर पर नपा सचिव प्रदीप खर्ब, एमई राहुल मोर, पूर्व नपाध्यक्ष ईश्वर कश्यप, पार्षद दिनेश अदलखा, पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा, नेत्रपाल रापरिया पार्षद वरुण जैन, पार्षद अजय सरोहा, पार्षद प्रतिनिधि टिंकू प्रधान, सादा राम जैन, श्याम लाल गोयल, जगबीर कबाड़ी, रामचंद्र नंबरदार, तरुण चुघ, प्रवीन कामरा, सुरेंद्र जाग्या, हरीश मदान, बिजेंद्र गुलिया, चाँद राठी, हरीश कौशिक, सुभाष रोहिल्ला आदि मौजूद रहे। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि आने वाले दिनों में शहर में कई बड़े प्रोजेक्ट शुरू होने जा रहे है। उन्होंने बताया कि करोड़ों की लागत से बेगा में रेनीवेल बनेगा, जिससे करीब 20 गांवों व शहर के एक हिस्से में स्वच्छ पेयजल पहुंचेगा।



### रेलवे अंडरपास में पंछियों के लिए लगाए घौंसले

**गोहाना।** आगे आने वाले गर्मी के मौसम को देखते हुए एनिमल्स क्योर क्लब हरियाणा ने गांव ठसका में रेलवे अंडरपास के नीचे पक्षियों के लिए घौंसले लगाए। क्लब द्वारा यहां पंछियों के लिए पानी की भी व्यवस्था की। एनिमल्स क्योर क्लब एक समाजसेवी संगठन है। संगठन के सदस्य समाजहित के कार्यों में रूचि रखते हैं। बुधवार को संगठन की टीम में एनिमल्स क्योर क्लब के अध्यक्ष उमेश वशिष्ठ, चेतन आल्हान, दीपक वशिष्ठ और निशांत वशिष्ठ की टीम गांव ठसका के रेलवे अंडारपास के पास पहुंची और सबसे पहले वहां की साफ-सफाई की गई। अंडरपास में काफी पंछी रहते हैं। इसी के दृष्टिगत संगठन द्वारा वहां पंछियों के लिए घौंसले लगाए गए और मिट्टी के कसारों में दाना-पानी का प्रबंधन किया।

# पंवार ने मानसी डागर को किया सम्मानित

- संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 137वां रैंक प्राप्त करने पर उनके गांव पहुंचे पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने यूपीएससी परीक्षा में गांव बागड़ू की बेटी मानसी डागर द्वारा 137वां रेंक प्राप्त करने पर उनके गांव पहुंचकर मानसी डागर को सम्मानित कर बधाई दी। इस दौरान पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने मानसी के माता-पिता व समस्त परिवार को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी। सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि मानसी ने 137वां रेंक प्राप्त करके न सिर्फ अपने गांव व सोनीपत का नाम रोशन किया है अपितु देशभर में हरियाणा को नई पहचान दिलवाने का काम किया है। इस सफलता से न जाने कितने युवा आईएएस बनने की राह पर चलने का फैंसला लेंगे। उन्होंने कहा कि मानसी डागर ने बेटियों के लिए भी एक मजबूत संदेश देने का काम किया है।

### बेटा-बेटी में कभी भी फर्क नहीं समझना चाहिए

उन्होंने कहा कि माता-पिता को बेटा-बेटी में कभी भी फर्क नहीं समझना चाहिए। उन्होंने युवाओं का संदेश देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम ही सफलता की असली कुंजी है, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए, तब तक युवाओं को अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटना चाहिए। निरंतर परिश्रम करने वाला विद्यार्थी हमेशा सफल होता है। इस दौरान ग्रामीणों की तरफ पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बड़ी तादाद में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### मेघा बीएससी मेडिकल अंतिम वर्ष की बनी टॉपर

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज की दस छात्राओं ने बीएससी अंतिम वर्ष मेडिकल, नॉन मेडिकल व कंप्यूटर साइंस के परीक्षा परिणामों में विश्वविद्यालय की टॉप-20 सूची में नाम दर्ज करवाया है। जीवीएम की छात्रा मेघा विश्वविद्यालय की टॉपर बनी है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने टॉप-20 सूची में शामिल छात्राओं को बधाई देते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक ने बीएससी मेडिकल, नॉन मेडिकल तथा कंप्यूटर साइंस अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। जीवीएम की साइंस विभाग की डीन डा. अनीता सैनी ने परीक्षा परिणामों की जानकारी दी। जीवीएम की छात्रा मेघा के साथ ही याचिका तीसरा तथा साक्षी ने 12वां स्थान और नम्या ने 14वां स्थान हासिल किया।

# भरत ने गेट परीक्षा में हासिल की ऑल इंडिया रैंक एक

- सफलता से संस्थान में खुशी और गर्व का माहौल
- सफलता के पीछे परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



गेटवे आर्किटेक्चर कॉलेज एंड डिजाइन, दिल्ली-एनसीआर के छात्र भरत लठवाल ने ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस सफलता से संस्थान में खुशी और गर्व का माहौल है। भरत की सफलता के पीछे उनका कठिन परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण रहा है। उन्होंने पढ़ाई के दौरान लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए यह मुकाम हासिल किया। उनकी उपलब्धि से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिली है। संस्थान के डायरेक्टर जनरल कर्नल अमिक गर्ग ने भरत को बधाई देते हुए कहा कि यह संस्थान के लिए गर्व का क्षण है। वहीं प्राचार्य प्रोफेसर तनु श्री ने इसे मेहनत और धैर्य का परिणाम बताया।

# तनुज कौशिक ने गुरुकुल कुरुक्षेत्र प्रवेश में टाप-5 में बनाई जगह

- उत्कृष्ट प्रदर्शन पर परिवार व रिश्तेदारों ने खुशी जताई
- लोगों ने बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की

**गन्नौर।** शास्त्री नगर के छात्र तनुज कौशिक ने कक्षा 6 में प्रवेश के लिए गुरुकुल कुरुक्षेत्र की प्रवेश परीक्षा में टाप-5 में स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि के साथ उनका चयन संस्थान में हुआ है। तनुज, संजीव कौशिक के पुत्र हैं। उनके इस प्रदर्शन पर परिवार व रिश्तेदारों ने खुशी जताई है। संजीव कौशिक ने कहा कि उन्होंने नियमित पढ़ाई और तैयारी के दम पर यह स्थान प्राप्त किया। शहर के लोगों ने भी तनुज को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# इंजेन्यूटी एक्सपो 2026 में हासिल किया प्रथम स्थान

- फ्यूचर टेक्नोलॉजीज के प्रयोजन में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के शिक्षा विभाग ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए इंजेन्यूटी एक्सपो 2026 (पिच 4.0) में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह कार्यक्रम रुहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजीज के प्रयोजन में आयोजित किया गया। विजेता टीम ने प्लेट टू पॉलिमर शीर्षक से एक अभिनव परियोजना प्रस्तुत की, जिसमें प्लेट वेस्ट एवं जैव-अपघटनीय सामग्री को पॉलिमर आधारित विकल्पों में परिवर्तित करने का व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किया गया।




### कार्यक्रम 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन के अनुरूप

यह परियोजना न केवल विवि स्तर की समस्या का समाधान प्रस्तुत करती है, बल्कि वैश्विक पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परियोजना को शिक्षा विभाग की एमएड अंतिम वर्ष की छात्रा अंकिता, शोधार्थी वंदना एवं शोधार्थी तनीषा ने डॉ. सुशील कुमार के मार्गदर्शन में तैयार एवं प्रस्तुत किया। शिक्षा संकाय की अधिष्ठाता प्रो. अनु बल्हारा एवं शिक्षा विभाग की अध्यक्ष प्रो. वरुणा तेहलान दहिया ने इस उपलब्धि को लेकर सराहना की। यह कार्यक्रम विवि स्वावलंबन केंद्र के तत्वावधान में नोडल अधिकारी प्रो. अंशु भारद्वाज के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन के अनुरूप है।

### महिला नेतृत्व पर सम्मेलन

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के सामाजिक विज्ञान संकाय द्वारा 25 मार्च 2026 को विवि परिसर में विरासत और क्षितिज का सामंजस्यः 2047 तक विकसित भारत के लिए महिला नेतृत्व विकास विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन कुलपति प्रो. सुदेश के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का मुख्य आकर्षण मेक्सिको स्थित यूनिवर्सिडाड पानामेरिकाना के अर्थशास्त्र एवं व्यवसाय विज्ञान संकाय के प्रो. राजेश रंजन का मुख्य भाषण रहेगा, जिसमें वो वैश्विक परिप्रेक्ष्य में महिला नेतृत्व और विकास के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालेंगे। कार्यक्रम के दौरान सतत विकास, डिजिटल नवाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य, नेतृत्व एवं लैंगिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों के बीच गहन विचार-विमर्श किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कर्म भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी है।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 से.मी<br>10X 8 से.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट मान्य।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**खेल** | तमिलनाडु में आयोजित हुई प्रतियोगिता, अंडर-11 वर्ग में हरियाणा टीम तीसरे स्थान पर रही

# युक्ति ने मिनी नेशनल रोल बॉल चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) की रोल बॉल खिलाड़ी युक्ति ने तमिलनाडु में आयोजित 15 वीं मिनी नेशनल रोल बॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस प्रतियोगिता में लड़कियों के अंडर-11 आयु वर्ग के मुकाबले में हरियाणा की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। टीम में शामिल स्कूल की चौथी कक्षा की छात्रा युक्ति ने अपनी टीम की सफलता में अहम योगदान दिया। स्कूल में रोल बॉल खिलाड़ी युक्ति का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने युक्ति को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, निधि, मोनिका, पारूल, ज्योति, रितु सिंह, श्वेता, नमिता, मीनू, अर्चना, सुषमा, आहुति, स्वाति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी, खेल इंचार्ज संजीत, पीटीआई राखी, स्केटिंग कोच विनोद सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने भी युक्ति का हौसला बढ़ाया।




**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल की रोल बॉल खिलाड़ी युक्ति विद्यालय की प्राचार्या गीता चोपड़ा व खेल इंचार्ज संजीत के साथ।

### हंशिका ने स्टेट बॉक्सिंग में जीता गोल्ड

**खरखौदा।** प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरखौदा की होनहार खिलाड़ी हंशिका दहिया ने एक बार फिर अपने शानदार प्रदर्शन से क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन किया है। हंशिका ने महम, रोहतक में आयोजित यूथ हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 70 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। हंशिका, पुत्री सुरेंद्र सिंह, गांव सेहरी, खरखौदा की निवासी हैं। उनकी इस जीत पर स्कूल में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, खेल निदेशक प्रताप स्कूल, प्रिंसिपल दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया तथा कोच पिंकू, नवीन, संसार ने हंशिका को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि हंशिका इससे पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं।



### सोहटी धाम पर भंडारा मेला व कुश्ती दंगल आज

**खरखौदा।** क्षेत्रीय लोगों की आस्था के केंद्र सोहटी धाम परिसर में 25 मार्च को भंडारे व मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसका आयोजन सत्गुरु मस्तनाथ के 20 वें निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। धाम प्रमुख सूर्यनाथ के अनुसार प्रस्तावित कार्यक्रम श्री बजरंग मंडल के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत महंत तुरंतपुरी, योगी सुखदेव नाथ गुगामेडी, मास्टर सतबीर भैंसवाल के सुपुत्र काला आदि धार्मिक रागनियां प्रस्तुत करने को तत्पर हैं। अमर सिंह अखाड़ा की देखरेख में कुश्ती दंगल आयोजित किया जाना है।